भारत मंडपम में ''भारत नवीकरणीय ऊर्जा शिखर सम्मेलन एवं एक्सपो-2026'' का शुभारंभ

मुख्यमंत्री भजनलाल ने पचास से अधिक निवेशकों के साथ राउन्ड टेबल बैठक की

नई दिल्ली/जयपुर, 2 नवम्बर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में 'भारत नवीकरणीय ऊर्जा शिखर सम्मेलन एवं एक्सपो-2026' का उद्घाटन किया। उन्होंने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में 50 प्रतिशत से अधिक विद्युत क्षमता गैर जीवाश्म ऊर्जा स्रोतों पर आधारित हो चुकी है, जो कि पेरिस समझौते के तहत निर्धारित लक्ष्य वर्ष 2030 से 5 वर्ष पहले वर्ष 2025 में ही हासिल कर लिया गया है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केन्द्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी की उपस्थिति में 50 से अधिक प्रमुख निवेशकों के साथ राउंड टेबल बैठक की। इस दौरान, उन्होंने राजस्थान में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में व्यापक संभावनाओं एवं उपलब्ध अवसरों को रेखांकित किया। साथ ही, मुख्यमंत्री ने निवेशकों को प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित भी किया।

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ऊर्जा क्षेत्र में व्यापक संभावनाओं एवं राज्य में उपलब्ध अवसरों को रेखांकित किया।**



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 'भारत नवीकरणीय ऊर्जा शिखर सम्मेलन एवं एक्सपो-2026' के उद्घाटन समारोह में भाग लिया। इस शिखर सम्मेलन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया।

राउंड टेबल बैठक में ब्रुकफील्ड, रिन्यू, आदित्य बिड़ला रिन्यूएबल्स, जिंदल समूह और अवाडा सहित, अन्य प्रमुख कंपनियों के प्रतिनिधियों की सहभागिता रही। मुख्यमंत्री ने राजस्थान की स्टॉल्स का उद्घाटन और अवलोकन भी किया। इस दौरान ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर एवं मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास भी उपस्थित रहे।

एक्सपो में प्रदेश की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमताओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत किया गया। 'निवेश करें, नवाचार करें, प्रेरित करें' की थीम पर आयोजित हो रहे इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में राजस्थान सहित, देश के 13 राज्यों एवं केन्द्र-शासित प्रदेशों द्वारा नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं, निवेश के अवसरों और विनिर्माण क्षमताओं को प्रदर्शित किया जा रहा है।

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में दो दिन ग्रीन पटाखों की अनुमति दी

सात व आठ नवम्बर को प्रातः 6 से 7 तथा शाम 8 से 10 सर्टिफाइड ग्रीन पटाखे जलाये जा सकेंगे

नई दिल्ली, 02 नवंबर। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर लगा बैन दिवाली पर दो दिनों के लिए सशर्त हटाने का आदेश दिया है। शीर्ष अदालत ने कहा है कि सर्टिफाइड ग्रीन पटाखे 7 और 8 नवंबर को सुबह 6 से 7 बजे और रात 8 से 10 बजे के दौरान जला सकेंगे। इस साल दिवाली 8 नवंबर को है।

जस्टिस एमएम सुंदरेश की अध्यक्षता वाली बेंच ने निर्देश दिया कि उपरोक्त अवधि के दौरान भी हॉस्पिटल, नर्सिंग होम, प्राइमरी और डिस्ट्रिक्ट हेल्थ सेंटर, ओल्ड-एज होम, शैक्षिणक संस्थान और किसी भी नोटिफाइड साइलेंस जोन के 300 मीटर के दायरे में कोई भी पटाखा नहीं जलाया जाएगा। नौ नवंबर से पटाखों पर फिर से पूर्ण प्रतिबंध लागू हो जाएगा। न्यायालय ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि दिल्ली-एनसीआर में पटाखों के सभी निर्माताओं और व्यापारियों से एक वित्तीय सुरक्षा ली जाये। यदि न्यायालय के आदेश का उल्लंघन होता है, तो उनकी यह सुरक्षा राशि जब्त कर ली जाएगी। न्यायालय ने साफ किया है कि यह छूट केवल प्रदूषण मुक्त ग्रीन पटाखों के लिए है, ताकि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना लोग त्योहार मना सकें।

- **सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार हॉस्पिटल, नर्सिंग होम, प्राइमरी व डिस्ट्रिक्ट हेल्थ सेंटर, ओल्ड एज होम, शैक्षिणक संस्थान व नोटिफाइड एवं साइलैंस ज़ोन के 300 मीटर तक कोई पटाखा नहीं जलाया जायेगा।**

कांग्रेस ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

परिपक्व राजनेता के रूप में उभरे हैं। राहुल के आत्मविश्वास ने उन्हें सरकार पर तीखा हमला बोलने और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग करने का हौसला दिया है।

राहुल ने मोदी-शाह की जोडी को भी स्पष्ट संदेश दिया है कि वोटों की चोरी और जनता के भरोसे के साथ विश्वासघात करने की कीमत उन्हें चुकानी होगी और उन्हें सत्ता छोड़नी पड़ेगी।

सूत्रों का कहना है कि 'वोट चोरी' का संदेश देश के अलग-अलग हिस्सों तक पहुंच गया है। लेकिन अब सवाल यह है कि आगे क्या? इस माहौल और जनसमर्थन को कैसे बनाए रखा जाए? यह संदेश ब्लॉक स्तर तक, हर गांव और हर घर तक कैसे पहुंचाया जाए?

राहुल गांधी के सामने यही सबसे बड़ी चुनौती है, जिस पर उन्हें पार पानी होगी।

अब तक राहुल गांधी द्वारा शुरू किया गया आंदोलन, और सड़कों पर लगातार सक्रिय रहकर उसे आगे बढ़ाने की रणनीति सफल रही है। उन्होंने धैर्य, दृढ़ संकल्प और भाजपा के सामने किसी भी मुद्दे पर पीछे न हटने का रुख भी दिखाया है। यह लंबी लड़ाई है और संघर्ष अभी जारी है।

आजम खान सुप्रीम कोर्ट पहुंचे

नई दिल्ली, 02 नवंबर। उच्चतम न्यायालय समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता आजम खान की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई को तैयार हो गया है। सोमवार को आजम खान की ओर से पेश वकील निजाम पाशा ने मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष याचिका मेंशन करते हुए तत्काल सुनवाई की मांग की। न्यायालय ने तत्काल सुनवाई करने से इनकार करते हुए इसी हफ्ते सुनवाई करने का आदेश दिया।

मेंशनिंग के दौरान, शुरुआत में न्यायालय ने निजाम पाशा को उच्च न्यायालय जाने को कहा। हालांकि, बाद में मामले को इसी सप्ताह किसी समय लिस्ट करने का आश्वासन दिया।

आजम खान को ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग के नये मामले में गिरफ्तार किया है। आजम खान की याचिका में इसी गिरफ्तारी को चुनौती दी गई है।

- **इस सप्ताह सुनवाई होगी।**

दिल्ली पुलिस ने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

भारी संख्या में महिला पुलिसकर्मी भी शामिल हुईं। यह दूसरा मौका है, जब पुलिसकर्मियों ने खुलकर विरोध जताया है। पुलिस आयुक्त अनुराग कुमार के साथ बैठक में एसीपी मनस्वी वशिष्ठ ने कई मांगें रखीं। इनमें वकीलों के खिलाफ दर्ज मामलों को वापस नहीं लेने और एक बार काउंसिल सदस्य का नाम मामले से नहीं हटाने की मांग शामिल थी। उन्होंने यह भी मांग की कि सोमवार के प्रदर्शन में शामिल पुलिसकर्मियों के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई न की जाए। बताया जाता है कि वशिष्ठ ने कहा कि यदि विभाग निलंबन या कोई अन्य सख्त कार्रवाई करना चाहता है, तो वह कार्रवाई केवल उनके (वशिष्ठ) खिलाफ की जाए।लेकिन बातचीत का पहला दौर किसी नतीजे पर नहीं पहुंचा।

अनंता रिसॉर्ट ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

राज्य सरकार का कहना है कि निवेश प्रोत्साहन और औद्योगिक विकास के साथ सरकारी संसाधनों तथा राजकीय रियायतों का उपयोग पूरी पारदर्शिता और निर्धारित नियमों के अनुरूप होना चाहिए। इसी के तहत एसीबी की जांच पूरी होने तक कंपनी को स्वीकृत लाभों के वितरण पर रोक लगाई गई है। मामले में जांच के निष्कर्ष सामने आने के बाद आगे की कार्रवाई तय होगी।

शरद पवार ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

चिकित्सकीय जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि खांसी और कमजोरी की शिकायत के बाद डॉक्टरों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती होने की सलाह दी थी। शरद पवार की बेटी और सांसद सुप्रिया सुले ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर उनकी सेहत की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खांसी की परेशानी के चलते उनके पिता को पुणे के रूबी हॉल क्लिनिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी चिकित्सकीय जांच की जा रही है और फिलहाल उनकी तबीयत स्थिर है।

कोटा : जेईई ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बाथरूम के दरवाजे पर फंदा लगाकर आत्महत्या की है। थानाधिकारी ने बताया कि परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है। कमरे को सीज कर दिया गया है और उसे परिजनों की मौजूदगी में ही खोला जाएगा। घटना के कारणों का अभी खुलासा नहीं हुआ है।

मोदी और अमित शाह यूपी चुनाव में भाजपा ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सम्मेलन भी आयोजित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, इस अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वे जिला स्तरीय रैलियाँ करेंगे, जिनका लक्ष्य चुनाव से पहले सभी विधानसभा क्षेत्रों तक पहुंचना है। पार्टी ने उन्हें अपने चेहरे और तीसरे कार्यकाल के लिए संभावित उम्मीदवार के रूप में पेश किया है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन और प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े सहित, भाजपा के कई नेताओं ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान योगी के नेतृत्व में चलाया जाएगा।

इसमें कानून-व्यवस्था, विकास और कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने के उनके रिकॉर्ड पर विशेष जोर दिया जाएगा। इस जमीनी अभियान के साथ-साथ, एक डिजिटल अभियान भी चलाया जाएगा। स्थानीय कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है कि वे चुनावी सभाओं और क्षेत्रीय कार्यक्रमों की तस्वीरें, वीडियो और अपडेट सोशल मीडिया पर साझा करें। यह उत्तर प्रदेश में पार्टी की व्यापक डिजिटल पहल का हिस्सा है।

इसमें सरकार की उपलब्धियों को सोशल मीडिया पर प्रचारित करना, युवाओं और पहली बार मतदान करने वालों को ध्यान में रखकर छोटे वीडियो बनाना और इन्फ्लुएन्सर्स तक पहुँच बनाना शामिल है। साथ ही, इसमें विपक्ष के बयानों का तुरंत जवाब देना भी शामिल है।



राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- प्लाट नम्बर H1-4, इन्डस्ट्रीयल एरिया फैस प्रथम, जालौर, (राज.) फोन नम्बर 226422, 226423, जालौर। फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908